Regarding augmentation of railway services connecting Bhilwara Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा)मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि कोरोना से पूर्व अजमेर-बांद्रा ट्रेन संचालित होती थी गाड़ी स. 12995/96 एव 22901/02 जो अल्टरनेट दिन अजमेर से तथा उदयपुर से चित्तौड़ कनेक्ट होकर एक ट्रेन बनती थी, जो विगत 5 वर्ष से अजमेर से संचलित नहीं होकर केवल उदयपुर से ही संचालित हो रही है, जबकि भीलवाड़ा से भी पूर्वानुसार 6 दिन होना आवश्यक है, साथ ही भीलवाड़ा से वैकल्पिक ट्रेन मुंबई के लिए होना ज़रूरी है, इसके अलावा इस रूट पर यात्रियों का अधिक आवागमन होने के कारण मुंबई के लिए अजमेर से भीलवाड़ा-रतलाम होते हुए अन्य ट्रेन डायवर्ट की जाए । भीलवाड़ा से दिल्ली के लिए वर्तमान में एक ट्रेन चेतक एक्सप्रेस है, जबकि मीटर गैज के समय भी भीलवाड़ा - दिल्ली की 2 ट्रेन चेतक एवं पिंक सिटी /ग़रीब नवाज़ थी इसलिए उदयपुर वाया भीलवाड़ा दिल्ली की नई ट्रेन प्रारंभ होना नितांत आवश्यक है ।